भारतीय गैर न्यायिक

बीस रुपये

रु.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

भारत

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 46AA 655185

समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding)

संस्कृत विभाग, वी०एस०एस०डी० कॉलेज, कानपुर, उत्तर प्रदेश – 208002

और

श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैदिक वाङ्मय शोध पीठ,

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर – 208024

के मध्य दिनांक - 27/02/2026 को हस्ताक्षरित हुआ

दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि शैक्षणिक सहयोग के आधार पर इस सहमति पत्र (MoU) पर सहमत हुए हैं। यह MoU निम्नलिखित बिंदुओं को स्थापित करता है–

1. एमओयू (MoU) का उद्देश्य–

क. शैक्षणिक सहयोग पर आधारित पारस्परिक रूप से लाभकारी सम्बन्ध स्थापित करना।

ख. दोनों संस्थानों ने सामान्य शोध हितों, शिक्षण पद्धतियों, संकाय और छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अनुसंधान परियोजनाओं, प्रकाशनों और गुणवत्ता वृद्धि के क्षेत्रों में

Scanned with OKEN Scanner

सहयोग करने का निर्णय लिया है।

ग. गतिविधियों के प्रारम्भ होने से पूर्व दोनों संस्थानों की लिखित सहमति से अध्ययन, भ्रमण (Study Tour) आयोजित करना।

घ. भारतीय ज्ञान परंपरा संस्कृत भाषा का प्रचार –प्रसार, श्रीमद्भगवद्गीता की महत्ता, आवश्यकता तथा शुद्ध वाचन के लिए प्रेरित करने हेतु सहयोग करना।

2. सहयोग के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हस्ताक्षर करने वाले संस्थान निम्नलिखित गतिविधियों के लिए अवसर प्रदान करने हेतु सहमति है -

क. छात्रों और शोधकर्ताओं का संयुक्त सहयोग, जिसका उद्देश्य दोनों संस्थानों द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार अनुसंधान और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना।

ख. पुस्तकों, प्रकाशनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षणिक परियोजनाओं, सेमिनार की जानकारी और व्याख्यानों का आदान–प्रदान।

ग. श्रीमद्भगवद्गीता विषय पर सम्बन्धित विभागों के संकाय सदस्यों (प्राध्यापकों) के व्याख्यान।

घ. आपसी समझौते और स्पष्ट शर्तों के तहत संयुक्त गतिविधियों का आयोजन।

ङ. अनुसंधान मार्गदर्शन (Research Guidance) प्रदान करना और शोध डिग्री के लिए सुविधाएं बढ़ाना।

3. एमओयू का कार्यान्वयन–

छात्र विनिमयः छात्र और शोध विद्वान् आपसी सहमति से तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार सम्बन्धित विभागों का भ्रमण कर सकते हैं।

4. अवधि और निवास–

क. यह समझौता हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी होगा। किसी भी असहमति की स्थिति में, जो संस्थान पृथक् होना चाहता है, उसे संभव होने पर दो महीने का नोटिस देना होगा। इस समझौते की समीक्षा तीन वर्ष की अवधि के बाद की जाएगी।

ख. इस एमओयू में सम्मिलित कार्यक्रमों के लिए दोनों पक्षों की ओर से कोई वित्तीय या कानूनी प्रतिबद्धता नहीं है। यदि कोई वित्तीय विचार आता है, तो उसे प्रस्तावक संस्थान के प्रशासनिक नियमों या आपसी समझौते के अनुसार अलग से निस्तारित किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

5. यह एमओयू विशुद्ध रूप से शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग के उद्देश्य से हस्ताक्षरित किया जा रहा है।

श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैदिक वाङ्मय शोध पीठ,
छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०,कानपुर की ओर से -

संस्कृत विभाग, वी.एस.एस.डी. कॉलेज,
कानपुर - उत्तर प्रदेश की ओर से -

नाम — प्रो० राजेश कुमार द्विवेदी
पद — निदेशक - श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैदिक वाङ्मय शोध पीठ,
छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०, कानपुर
दिनांक — 27/02/2026

नाम — प्रो० नीरू टण्डन
पद — प्राचार्य, वी०एस०एस०डी० कॉलेज, कानपुर
दिनांक — 27/02/2026

27/2/26

नाम — श्री अनिल गुप्त
पद — सह -निदेशक - श्रीमद्भगवद्गीता एवं वैदिक वाङ्मय शोध पीठ
छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०, कानपुर
दिनांक — 27/02/2026

Principal
V.S.S.D. College
KANPUR

27/2/26

नाम — प्रो० प्रदीप कुमार दीक्षित
पद — प्रोफेसर - संस्कृत विभाग,
वी०एस०एस०डी० कॉलेज ,कानपुर
संयोजक -संस्कृत विषय,
छत्रपति शाहू जी महाराज वि०वि०, कानपुर
दिनांक — 27/02/2026

अनीता सोनकर
27/02/2026

Prof. Anita Sonkar
HOD - Sanskrit,
V.S.S.D. College, Kanpur

Prof. Pradeep Kumar Dixit
Department of Sanskrit
V.S.S.D. College, Kanpur

Scanned with OKEN Scanner